समाचार

आयुक्त ने किया वार्ड कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण

(व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त रखने व कार्यालयों के सुचारू संचालन के संबंध में दिए कड़े निर्देश)



कोरबा 16 अक्टूबर 2019 –आयुक्त श्री राहुल देव ने आज नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के विभिन्न वार्ड कार्यालयों का आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया। उन्होने वार्ड कार्यालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त रखने, कार्यालयों का सुचारू रूप से संचालन करने तथा शिकायत व मांग पंजी के नियमित संधारण व प्रतिदिन की रिपोर्ट निगम के मुख्य कार्यालय को प्रेषित किए जाने के निर्देश संबंधित जोन कमिश्नरों को दिए।

यहां उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय योजनांतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में अभी तक 10 वार्ड कार्यालय प्रारंभ किए जा चुके हैं तथा इन वार्ड कार्यालयों के माध्यम से संबंधित वार्ड के नागरिकों को विभिन्न

नगर पालिक सेवाएं व सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। आज आयुक्त श्री राहुल देव ने विभिन्न वार्ड कार्यालयों का आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री देव ने पुराना बस स्टैण्ड कोरबा स्थित गीतांजलि भवन में संचालित वार्ड कार्यालय, वार्ड क्र. 18 पथर्रीपारा सामुदायिक भवन में संचालित वार्ड कार्यालय एवं वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस में संचालित वार्ड कार्यालय का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होने वार्ड कार्यालयों में उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालयों को निर्धारित तिथियों व समय पर अनिवार्य रूप से खोले, व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखें, वार्ड कार्यालय से संबंधित आवश्यक जानकारी आमजन को उपलब्ध हो, इस हेतु बैनर, फ्लैक्स आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार करें। आयुक्त श्री देव ने जोन कमिश्नरों को विशेष रूप से निर्देश दिए कि वार्ड कार्यालयों में शिकायत व मांग पंजी का नियमित संधारण सुनिश्चित किया जाए तथा इससे संबंधित जानकारियां प्रतिदिन निगम के मुख्य कार्यालय साकेत में प्रेषित की जाए।

<u>वर्तमान में संचालित वार्ड कार्यालय</u>– नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में कुल 23 वार्ड कार्यालय खोले जाने हैं, जिनके खोलने की प्रक्रिया सतत रूप से जारी है। वर्तमान तक निगम क्षेत्र में 10 वार्ड कार्यालय खोले जा चुके हैं, जिनमें वार्ड क्र. 06 अंतर्गत गीतांजलि भवन, वार्ड क्र. 02 अंतर्गत जोन कार्यालय, वार्ड क्र. 18 नया सामुदायिक भवन पथर्रीपारा, वार्ड क्र. 20 अंतर्गत सियान सदन घंटाघर, वार्ड क्र. 23 अंतर्गत जोन कार्यालय पं.रविशंकर शुक्ल नगर, वार्ड क्र. 41 अंतर्गत सामुदायिक भवन कांजीहाउस के पास, वार्ड क्र. 43 अंतर्गत मंगल भवन दर्री, वार्ड क्र. 59 अंतर्गत सामुदायिक भवन खम्हरिया, वार्ड क्र. 63 जोन कार्यालय बांकीमोंगरा तथा वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस स्थित वार्ड कार्यालय शामिल हैं।